राष्ट्रीय सहारा
संडे
नई दिल्ली
8 अक्टूबर • 2023
पृष्ठ, मूल्य ₹ 4.00
राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण



# अब चार साल की उम्र में होगा नर्सरी में दाखिला

■ राकेश नाथ

नई दिल्ली। एसएनबी

सब कुछ ठीक रहा तो साल 2024 में राजधानी के पब्लिक स्कूलों में चार साल में नर्सरी में दाखिला होगा, जबकि तीन साल पर प्री नर्सरी में दाखिला होगा। इसी प्रकार केजी में 5 और पहली क्लास में 6 साल की आयु होने पर दाखिला होगा। इसको ऐसे समझें कि बच्चे को अब नर्सरी में आने के लिए एक साल और पढ़ाई करनी होगी। नर्सरी और केजी क्लासेज में दाखिले के लिए अभी गाइडलाइंस जारी की जानी है। संभवतः अगले महीने नवंबर में दाखिले की गाइडलाइंस जारी की जा सकती है। इस बार नर्सरी दाखिले का बदला हुआ स्वरूप में क्या होगा और कब गाइडलाइंस जारी की जाएगी, स्कूलों को इसका इंतजार कर है।

गौरतलब है कि पिछले साल तक पब्लिक स्कूलों में नर्सरी से पहली क्लास तक की आयु सीमा का फॉर्मूला 3+4+5 का है। लेकिन अब 2024 में नई शिक्षा नीति के तहत ये फॉर्मूला 3+4+5+6 का हो सकता है। एक स्कूल ने बताया कि अब नया फार्मूला आता है तो अब प्री स्कूल जिसे अभी तक नर्सरी कहा जाता है, उसमे चार साल में दाखिला होगा। जबकि अभी नर्सरी में तीन साल में दाखिला होता है। लिहाजा अब तीन साल में नर्सरी की जगह प्री नर्सरी में दाखिला होगा। इसे बाल वाटिका नाम दिया जा सकता है। इसी प्रकार अभी तक चार साल में केजी यानि प्री प्राइमरी क्लास में दाखिला होता था लेकिन अब चार साल में नर्सरी में दाखिला होगा। इसी प्रकार अभी पांच साल का होने पर पहली क्लास में दाखिला या पढ़ाई होती है, लेकिन अब पांच साल की उम्र में केजी की पढ़ाई होगी। लिहाजा अब पांच की जगह छह साल में बच्चा पहली क्लास में पहुंचेगा। इसी प्रकार नर्सरी से पहली क्लास को पूरा करने में अब छात्रों को तीन की जगह चार साल लगेंगे। स्कूलों का कहना है कि ये दाखिले की गाइडलाइंस आने पर ही तय होगा। स्कूलों की एक्शन कमिटी के वाइस प्रेसिडेंट और नव भारती स्कूल के प्रिंसिपल संजय भारतीय का कहना है कि शिक्षा निदेशालय के निदेशक के साथ एक बैठक हो चुकी है, लेकिन दाखिले को लेकर अभी तक कोई गाइडलाइंस नही आई है। गाइडलाइंस के लेकर सभी स्कूलों से सुझाव लिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी स्कूल चाहतें है कि समय पर गाइडलाइंस जारी हो जाए, ताकि स्कूल इसकी तैयारी कर सके। एमएम पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य रूमा पाठक का कहना है कि अभी भी एंट्री लेवल 3 साल की ही होगी लेकिन 3 साल में प्री नर्सरी में दाखिला होगा। उन्होंने कहा, हम चाहते है कि नर्सरी दाखिले की गाइडलाइन जल्दी आए जिससे अगले साल के दाखिले को लेकर भ्रम दूर हो और इसकी तैयारी भी की जा सके। विकासपुरी स्थित ममता मॉडर्न स्कूल की प्रधानाचार्य पल्लवी शर्मा का कहना है कि नर्सरी गाइडलाइंस समय पर या जल्दी आने से स्कूल को दाखिले की तैयारी करने का अवसर मिल जाएगा।

## नर्सरी दाखिला-2024

- नई शिक्षा नीति के तहत स्कूलों के दाखिला सिस्टम में बदलाव
- पब्लिक स्कूलों में 2024 में तीन साल की उम्र में प्री-नर्सरी में होगा दाखिला
- नवंबर में जारी हो सकती है पब्लिक स्कूलों को नर्सरी में दाखिले की गाइडलाइंस